हादसा

समाचार पत्रों के माध्यम से बार बार चेताने के बाद भी सजग नहीं हुआ एन एच आई

# सड़क पार करते समय दो छात्र हुए हादसे के शिकार

**नरसिंहपुर/ तेंदूखेड़ा।** राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 45 जबलपुर भोपाल सड़क मार्ग के बीच पड़ने वाले तहसील मुख्यालय तेंदूखेड़ा के जीवन मूल्यों से जुड़े शासकीय स्कूलों से लेकर किसानों से जुड़े राजस्व विभाग सहकारिता तथा पुलिस और युवाओं को खेल संबंधित गतिविधियों वाले खेल ग्राउंड यहां तक कि नगर के विभिन्न वार्डों के लोगों को भारी बाहनों की आवाजाही के बीच एन एच आई की मुख्य सड़क पार करके ही जाना पड़ता है। गुरुवार को सड़क क्रास करके स्कूल जा रहा एक छात्र बुरी तरह से जख्मी हो गया जिसे गंभीर चोट आने की स्थिति में प्राथमिक उपचार के उपरांत त्वरित इलाज की दृष्टि से जबलपुर रिफर किया गया है हालत गंभीर बताई जा रही है। टक्कर मारकर कार चंपत हो गई।दूसरी घटना दोपहर के लंच के समय कक्षा ग्यारहवीं में पढ़ने वाले छात्र आकाश अहिरवार ग्राम मंहगुंवा का सड़क पार कर रहा था कि कार से टकरा गया।कार चालक ने भी छात्र को बचाने के भरसक प्रयास करते हुए डिवाइडर पर कार चढ़ा दी फिर भी बालक चपेट में आ गया। तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया और इलाज करवाया गया।





### जबलपुर रिफर किया

पहली घटना के संबंध में हमारे प्रतिनिधि को मिली जानकारी के अनुसार समीपी ग्राम ढिलवार निवासी कक्षा नवमीं में पढ़ने वाले ओंकार पिता जगदीश प्रजापति रोज की तरह सड़क पार करके स्कूल जा रहा था कि अबाध गति से जा रही कार ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे छात्र ओंकार को सिर में गंभीर चोट आने से उसे तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तेंदूखेड़ा में ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के उपरांत उसे त्वरित गहन चिकित्सा को देखते हुए जबलपुर रिफर किया गया है। जहां हालत चिंता जनक बनीं हुई है।

### मंथर गति से चल रहा डगडगा निर्माण कार्य

जीवन मूल्यों की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए यहां पर सड़क मार्ग निर्माण के दौरान ही अंडर ब्रिज बनाये जाने की मांग उठती रही है। लेकिन अधिकारियों की लालफीताशाही के चलते मानवीय मूल्यों को नजर अंदाज कर जिस तरह से अंडर ब्रिज बनाये गये हैं उसमें ना तो लोगों को सुविधाएं हुई और बाहनों की आवाजाही में भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बाद में स्कूल और शासकीय कार्यालयों को जाने वाले लोगों को परेशानियों के चलते यहां पर एक डगडगा निर्माण कार्य स्वीकृत किया गया है। वैसे यह डगडगा काफी लंबे समय पूर्व स्वीकृत किया गया है और निर्माण भी कुछ समय पूर्व ही शुरू हो सका है लेकिन मंथर गति से चल रहे निर्माण कार्य ना जाने कब तक पूर्ण होगा यह भविष्य के गर्त में है।

## हिंदूजा हाउसिंग फाइनेंस द्वारा धोखाधड़ी

**गाडरवारा।** हिंदूजा हाउसिंग फाइनेंस लोगों के साथ कर रहा धोखा। डॉक्टर सुनील कतिया ने बताया किस तरह उनको विश्वास में लेकर दिया जा रहा है धोखा। उन्होंने बताया गाडरवारा मौजा निरंजन वॉर्ड 1000 स्क्वायर फीट बना हुआ दो मंजिला मकान का क्रय किया गया जिसकी कीमत 16,50,000/- अंकन सोलह लाख पचास हजार रुपए अजय भाटिया द्वारा बताई गई अजय भाटिया द्वारा उनको भरोसे में लेकर उनके द्वारा सर्वप्रथम 1,50,000 अंकन एक लाख पचास हजार का डीडी क्र0 255 दिनांक 25/06/2025 बनवाकर हिंदुजा हाउसिंग फाइनेंस में जमा कराया उसके बाद 5000 अंकन पांच हजार CO/CPC/POF/000003061 दिनांक 27/06/2025 खाते में 25000 अंकन पच्चीस हजार MP/JBR/GDWR/ 000000060 दिनांक 27/06/2025 खाते में एवं 13,20,000 अंकन तेरह लाख बीस हजार चेक क्र 24977 दिनांक 27/06/2025 हिंदुजा हाउसिंग फाइनेंस खाते में ऋझतर द्वारा जमा कराया गया 1, 17, 00अंकन एक लाख सत्रह हजार नगद एवं 18000 अजय भाटिया के रिश्तेदार निकिता कौर के खाते में अजय भाटिया द्वारा दिनांक 02/07/2025 में दिया गया और 15000 अंकन पन्द्रह हजार रजिस्ट्री के बाद देने को कहा गया।



# अनिश्चितकालीन हड़ताल पर गए तहसीलदार

**नरसिंहपुर।** मध्यप्रदेश राजस्व अधिकारी संघ ने न्यायिक और गैर-न्यायिक विभाजन योजना के खिलाफ एक बार फिर मोचर्चा खोल दिया है। जिला मुख्यालय में जिले के सभी तहसीलदलों ने एकत्र होकर अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन की शुरुआत की। प्रदेश के मुख्य सचिव के नाम भेजे गए ज्ञापन में सांब स्पष्ट किया है कि 6 अगस्त से प्रदेशभर के राजस्व अधिकारी आपदा प्रबंधन को छोड़कर अन्य सभी कार्यों से विरत रहेंगे। तहसीलदारों की हड़ताल के कारणा किसानों व अन्य आमजनों के राजस्व संबंधी काम अटक गए हैं।

### इसलिए विरोध शुरू

संघ का कहना है कि शासन द्वारा पूर्व में दिए गए मौखिक आश्वासन के तहत यह योजना मात्र 12 जिलों में पायलट रूप में लागू की जानी थी और राजस्व न्यायालयों का विलय नहीं किया जाना था। इसके विपरीत 9 अन्य जिलों में भी योजना लागू कर दी गई। न्यायालयों को मर्ज कर दिया गया और कार्यपालिक मजिस्ट्रेट को आवश्यक संसाधन भी नहीं दिए गए। इससे आहत होकर संघ ने पुन: विरोध शुरू करने का निर्णय लिया है।3 अगस्त को हुई प्रदेश स्तरीय आपात बैठक में 45 जिलों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया और सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि सभी अधिकारी शासकीय कार्यों से विरत रहेंगे, लेकिन कोई भी सामूहिक अवकाश या हड़ताल नहीं ली जाएगी। सभी अधिकारी जिला मुख्यालयों पर उपस्थित रहेंगे, शासकीय वाहन और डिजिटल सिग्नेचर जमा करेंगे और शाम 6 बजे उपस्थिति पत्रक पर हस्ताक्षर करेंगे।

### ये है मांग

संघ ने शासन से यह भी मांग की है कि कार्यपालिक दंडाधिकारी की शक्तियां या तो पुलिस विभाग या सामान्य प्रशासन विभाग को सौपी जाएं, ताकि राजस्व अधिकारी अपने मूल कार्य-राजस्व प्रबंधन पर ध्यान केंद्रित कर सकें। यह भी स्पष्ट किया गया है कि परिवीक्षाधीन अधिकारी इस आंदोलन से पृथक रहेंगे और अपने प्रशिक्षण व दायित्वों का पालन करते रहेंगे। संघ ने शासन से इस विभाजनकारी योजना को तत्काल प्रभाव से निरस्त करने की मांग की है, ताकि प्रशासनिक व्यवस्था में सौहार्द बना रह सके।



# स्कूल में छात्रसंघ के चुनाव कराए

**नरसिंहपुर।** पीएम श्री शासकीय महारानी लक्ष्मी बाई उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नरसिंहपुर में स्कूल में छात्र संघ के चुनाव कराए गए चुनाव प्रक्रिया विधिवत चुनाव प्रणाली पर आधारित रहे चुनाव प्रक्रिया में सेक्टर अधिकारी के रूप में सोनी मैडम ने अपना उत्तरदायित्व निभाया पीठासीन अधिकारी के रूप में रत्नेश नेमा अपना उत्तरदायित्व निभाया का दायित्व पुष्पा दुबे मैडम ने निभाया का दायित्व भावना पांडे मैडम ने निभाया 3 का उत्तरदायित्व स्मृति श्रीवास्तव मैडम ने निभाया संपूर्ण चुनाव प्रक्रिया का उत्तरदायित्व माया पटेल मैडम ने निभाया यह प्रक्रिया स्कूल की प्राचार्य आशा नेमा मैडम के मार्गदर्शन में हुआ चुनाव विधिवत इस प्रकार संपन्न हुए जिस प्रकार विधानसभा एवं लोकसभा के चुनाव संपन्न होते हैं छात्र संघ के चुनाव कक्षा ग्यारहवीं 12वीं के अध्यक्ष पद उपाध्यक्ष पद एवं सचिव पद के लिए हुए।

# किशोर कुमार जयंती पर गीतों के साथ दी गई स्वरांजलि

**करेली।** किशोर कुमार के नगमे आज भी लोगो के दिलो पर राज कर रहे हैं। किशोर दा संगीत जगत की शान है, उपरोक्त उद्गार दक्ष रोमी सर ने एक शाम किशोर के नाम कार्यक्रम मे बतौर अतिथि के रूप में कहे, इसी क्रम में माया बड़कुर ने नगर में इस प्रकार के आयोजन होने से संगीत क्षेत्र में अभिरुचि रखने की प्रेरणा की बात कही। नगर की संगीत संस्था वाणी म्यूजिकल ग्रुप द्वारा गत सोमवार को अमर गायक किशोर कुमार की जयंती स्थानीय अलका टाकीज परिसर में मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन के साथ हुआ तत्पश्चात वाणी म्यूजिकल ग्रुप के कलाकार करन जोगलेकर चंदु, अमृता गुप्ता, शैलेश व्यास के साथ ही नगर के नवोदित कलाकारों द्वारा किशोर कुमार जी के सदाबहार गीतों की प्रस्तुति दी गई। मंच पर नगर के समाजसेवी संदीप ममार, पार्षद हेमंत मेहरा भी मंचासीन रहे। कार्यक्रम में नगर के वरिष्ठ अधिवक्ता संतोष तिहैया, राकेश जैन, मोहम्मद साबिर खाँन के साथ सभी साथियों की उपस्थिति रही। उपस्थित अतिथियों का सम्मान मोतीमाला, पुष्पाहार, श्रीफल देकर किया गया। कार्यक्रम का मंच संचालन युवा पत्रकार अमित जैन संजय द्वारा किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में किशोर कुमार के सुपरहिट गीतो में गायक करन जोगलेकर चंदु ने में आया हूँ लेके साज हाथों में, सुमधुर कंठ की धनी अमृता गुप्ता ने हमे तुमसे प्यार कितना, शैलेश व्यास ने शीशे की उम्र प्यार की, नवोदित बाल कलाकार मास्टर रौनक ने पल पल दिल के पास, मास्टर रूद्र गुप्ता ने इक अजनबी हसीना से, रीतेश सोनी ने मेरे नैना सावन भादों, शैलेंद्र कुमुद ने माना जनाब ने पुकारा, आमगांव बड़ा के अवनीश गुप्ता ने अपनी तो जैसे तैसे, बरमान के मनुराज विश्वकर्मा ने छूकर मेरे मन को, विशाल सरोहा ने हम अलबेले, कमलेश विश्वकर्मा ने भोले ओ भोले, प्रहलाद पाठक ने चिंगारी कोई भड़के, राजेश सोनी इलेक्ट्रिक ने ओ हंसनी, सोनू तिवारी ने दिलबर मेरे कब तक मुझे, ललित कोल ने दिल क्या करें, सुनील तन्हा नामदेव ने तेरे चेहरे मे वो जादू है, मुकेश ठाकुर मोहद ने मेरी उमर के नौजवानों, राजेंद्र शर्मा ने इक रास्ता है जिंदगी सहित नरसिंहपुर के विजय पटैल, भागीरथ विश्वकर्मा, अनिल नेमा, विश्वनाथ ठाकुर, अरविंद पाठक, रामगोपाल पाठक ने भी किशोर दा के गीतो को गाकर अपनी स्वराजंलि दी।



# युवती ने लगाई फांसी

**गाडरवारा।** विगत दिवस गाडरवारा विधानसभा से विधायक परिवहन शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह से उनके भोपाल स्थित कार्यालय में भाजपा नेता डॉ. प्रखर राय की सौजन्य भेंट हुई, इस अवसर पर क्षेत्र की जनता की निष्पक्ष, निश्चल निरंतर सेवा और विकास करने के लिए राय द्वारा मंत्री राव को पुष्प , कलम एवं श्री गणेश जी की प्रतिमा भेंट कर सम्मान कर आभार प्रगट करा गया। इस दौरान डॉ. प्रखर द्वारा क्षेत्र की आम समस्याओं पर चर्चा लंबी करी गई ।

### फांसी लगाने से मौत

गोटेगांव। बीते दिनों नगर के गौरादेवी वार्ड निवासी 18 वर्षीय एक युवती की फांसी लगाने से मौत हो गई। जिसके शव का पोस्टमार्टम सुबह किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गौरादेवी वार्ड निवासी श्रेया पगारे 18 साल जिसने हाल में 12वीं की परीक्षा पास करके उच्च शिक्षा अर्जित की जा रही थी। शाम के समय किसी कारण से अपने घर के कमरें में फांसी लगा ली। जिसकी जानकारी मिलने पर परिवार के सदस्य मौके पर पहुंचे और उसको फंदा से उतार कर सरकारी अस्पताल ले गए। मगर वहां डॉक्टर ने उसको मृत घोषित कर दिया।। पुलिस का कहना है कि अभी आत्महत्या का कारण सामने नहीं आया है। पंचनामा करने के बाद पोस्टमार्टम की कार्रवाई पूरी करके शव परिवारजनों को अंतिम संस्कार के लिए सौंप दिया गया है।

## एक नजर में



### कलेक्टर शीतला पटले ने स्कूल, आंगनबाड़ी और प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण किया

**नरसिंहपुर।** कलेक्टर शीतला पटले ने गुरूवार को नरसिंहपुर विकासखंड के ग्राम धमना और नयागांव में स्कूल, आंगनबाड़ी केन्द्र व प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण कर विद्यार्थियों और नागरिकों से संवाद किया। उन्होंने इस दौरान स्कूल, आंगनबाड़ी केन्द्र और स्वास्थ्य केन्द्र की व्यवस्थाओं के संबंध में अवलोकन कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जीपी भनारिया, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग राधेश्याम वर्मा, जिला शिक्षा अधिकारी और जिला एवं जनपद स्तरीय अधिकारी- कर्मचारी मौजूद थे। कलेक्टर पटले ने शासकीय हाई स्कूल धमना में विद्यार्थियों से संवाद किया। उन्होंने विद्यार्थियों से उनकी रूचि अनुसार आगे की पढ़ाई के लिए विषयों के बारे में जानकारी ली। विद्यार्थियों ने विज्ञान, गणित और कला संकाय में प्रवेश लेने की बात कही। विद्यार्थियों ने प्लंबिंग आईटी क्षेत्र में भी अपनी रूचि जाहिर की। कलेक्टर पटले ने विद्यार्थियों से प्लंबिंग और आईटी के क्षेत्र में रोजगार की उपलब्धता और अवसर के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि व्यावसायिक विषयों की पड़ाई करने पर उनकी आवश्यकताओं और मांग के बारे में भी जानकारी लेना जरूरी होता है।

### घर में घुसा गुहेरा

**गोटेगांव।** समीपवर्ती वनपरिक्षेत्र सहायक निवास बरहटा के बाथरूम में सुबह के समय एक गोहरा घुस गया। जिसको चौकीदार ने देखा और इसकी जानकारी वनरक्षक को दी। जिसको पकड़ने के लिए बुलाए गए धनसिंह ढीमर ने गुहेरा पकड़ने के बाद जंगल ले जाकर सुरक्षित छोड़ दिया है। बरहटा निवासी धर्मसिंह ढीमर सर्प, गुहेरा पकड़ने में माहिर माना जाता है और जहां पर भी ऐसे कीड़े निकलते है उसको बुलाया जाता है।

### ग्रामीण को लोहे की राड से पीटा

**गोटेगांव।** विगत दिवस सालीबाड़ा मुड़िया गांव के बीच सालीबाड़ा पुलिया के पास रमेश पटेल के साथ एक राय होकर लोहे की राड से मारपीट कर चोट पहुंचाई एवं लात घूसों से मारपीट की गई। घायल की रिपोर्ट पर पुलिस ने शुभम पटेल, देवम पटेल सहित अन्य के खिलाफ धारा 109,296,3 के तहत मामला दर्ज किया है।

### युवक से मारपीट

**गोटेगांव।** बीते दिनों पुलिस थाना गोटेगांव के पेट्रोल पप के पास नीलेश चड़ार कुमारी मौहल्ला निवासी के साथ गाली-गलौंच करते हुए चप्पल, थप्पड़ से मारपीट हो गई। उसे जान से मारने की धमकी दी गई। पुलिस ने रिपोर्ट होने पर रुपेश चौधरी, मयंक छिरा कुमारी मौहल्ला निवासी के खिलाफ धारा 296, 115, 351, 3 के तहत मामला दर्ज किया है।




# संस्कृत सप्ताह के तहत 7 दिन तक होंगे विभिन्न कार्यक्रम

**गोटेगांव।** विगतदिवस नगर स्थित गनेश चौबे संस्कृत विद्यापीठ संस्कृत पाठशाला में महर्षि पतंजलि संस्कृत संस्थान भोपाल द्वारा आयोजित संस्कृत सप्ताह का सप्त दिवसीय आयोजन किया गया। जिसकी शुरूआत दीप प्रज्वलन सरस्वती पूजन के साथ सभी विद्यार्थियों को तिलक लगाकर नगर भ्रमण रैली के साथ हुई। कार्यक्रम की मुय अतिथि रूप पटेल रहीं। प्रथम दिन स्वस्तिवाचन, सरस्वती पूजन, दीप प्रज्वलन एवं रैली निकाली गई। सात दिवसीय कार्यक्रम के अंतर्गत संस्कृत गीत प्रतियोगिता, सांस्कृतिक कार्यक्रम, श्रवणी उपकर्म, वेद पूजन, वेदपाठ, संस्कृत गीत प्रतियोगिता, संस्कृत संभाषण एवं अन्य संस्कृत स्पर्धाओं का आयोजन 7 दिनों में होगा। प्रथम दिवस संस्कृत विद्यालय के समस्त अध्यापक, छात्र, नगर के विशिष्ट जनों की उपस्थिति सराहनीय रही ।

# उपभोक्ताओं से की सोलर लगवाने की अपील

**करेली।** गुरुवार को करेली शहर विद्युत कार्यालय में जिले के अधीक्षण यंत्री अमित चौहान एवं कार्यपालन अभियंता विवेक जसेले द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अधीक्षण यंत्री द्वारा विद्युत वितरण केंद्र करेली शहर के कनिष्ठ अभियंता दीपक रघुवंशी सहित स्टाफ की मौजूदगी समस्त कर्मचारियों को करेली शहर की विद्युत व्यवस्था सुचारू रूप से संचालन हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। अधीक्षण यंत्री ने आगामी रक्षाबंधन त्योहार को देखते हुए शहर में सतत विद्युत आपूर्ति सहित कम समय में उपभोक्ताओं की शिकायतों के निराकरण किए जाने हेतु निर्देशित किया गया साथ ही उपभोक्ताओं की बकाया राशि में कमी लाने हेतु समस्त स्टॉफ को सक्रियता से कार्य करने निर्देश दिये गए। वहीं लाइन मेंटेनेंस के कार्य करते समय कर्मचारियों को सावधानी बरतने और समस्त सुरक्षा उपकरणों का उपयोग करते हुए ही मेंटेनेंस का कार्य करने के लिए निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान शिकायत रजिस्टर की जांच की जिसमें दर्ज कुल शिकायतों तथा निराकृत शिकायतों की जानकारी ली गई। अधीक्षण यंत्री द्वारा उपभोक्ताओं को बताया गया कि किसी भी शिकायत हेतु हेल्पलाइन नंबर 1912 का उपयोग करें इसमें समय सीमा के अंदर निश्चित तौर पर शिकायतों का निराकरण किया जाता है।



**सब्सिडी का लाभ लेकर सोलर सिस्टम लगवाएं:** अधीक्षण यंत्री अमित चौहान एवं द्वारा कार्यपालन अभियंता विवेक जसेले द्वारा उपभोक्ताओं से शासन की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना का लाभ उठाने की अपील की गई जिसके तहत सोलर सिस्टम लगवाने के लिए अठहत्तर हजार रुपये की सब्सिडी प्रदान की जा रही है। इस योजना के तहत तीन सौ यूनिट तक मुफ्त बिजली मिलती है, सोलर सिस्टम लगाकर लोग एक ओर जहां अपने बिजली बिल को बहुत कम कर सकते हैं वहीं दूसरी ओर स्वच्छ ऊर्जा का उत्पादन कर देश की तरक्की में भी सहभागी बनते हैं।

# राम ने केवल एक पुत्र नहीं, एक युग को मार्ग दिखाया

**गोटेगांव।** समीप झोतेश्वर परमहंसी गंगा आश्रम स्थित चातुर्मास कथा में पूज्य शंकराचार्यजी महाराज ने प्रवचन में श्रीराम के वनगमन की व्याख्या करते हुए कहा- यह कथा केवल वन जाने की नहीं है, यह तो मन के वन में प्रवेश की कथा है,जहाँ हर मानव को अपने जीवन में कभी-न-कभी धर्म के लिए मोह छोड़ना पड़ता है। महाराजश्री ने कहा कि राम ने केवल एक पुत्र नहीं, अपितु एक युग को मार्ग दिखाया कि पिता की आज्ञा ही सर्वोपरि है चाहे उसमें राज्य की हानि हो, सुख का त्याग हो या जीवन की तपस्या। जब श्रीराम, लक्ष्मण और सीता वन जाने को उद्यत हुए, उस क्षण राजा दशरथ का हृदय चीत्कार कर उठा। पूज्य महाराजश्री ने उस प्रसंग को भावविभोर होकर प्रस्तुत किया रामु कहा पितु बिदा लिन्हि पैरी। चले लोग सब भए दुख हेरी राम ने पिता से विदा ली, पाँव छूकर वन की ओर चल दिए, और सारी प्रजा दुख से भर उठी। दशरथ बोले- राम! तुमने तो पिता को जीते जी मरा हुआ बना दिया। आज राज्य है, रानी है, रथ है, पर राजा नहीं हूँ। क्योंकि मेरा राम नहीं है। महाराजश्री ने कहा- दशरथ की मृत्यु राम के वन जाने से नहीं हुई, बल्कि मोह और विवशता के द्वंद्व से हुई। यही वह पीड़ा है जो आज भी हर पिता अपने कर्तव्यों और संतान के जीवननिर्णयों के बीच महसूस करता है। पूज्य महाराजश्री ने मुंडकोपनिषद की एक गूढ़ पंक्ति उद्धृत की- द्वा सुपर्णा सयुजा सखाया एक ही वृक्ष पर दो पक्षी हैं एक खाता है, दूसरा देखता है। उन्होंने कहा इस जीवनवृक्ष में राम विवेक हैं, दशरथ मन हैं, और कैकेई इच्छाओं की आकुलता है।जब इच्छाएं हावी हो जाएं, तो विवेक राम को वन भेज दिया जाता है। लेकिन जब विवेक लौटता है, तब ही मन को शांति मिलती है। सीता और लक्ष्मण त्याग की साक्षात प्रतिमाएं सीता ने गृहवधू होते हुए भी अपना सारा ऐश्वर्य छोड़ दिया। लक्ष्मण ने भाई के साथ चलकर राजपाठ को तृणवत त्याग दिया।



### महाराजश्री बोले

यह केवल परिवार नहीं था जो वन गया, यहतो धर्म,प्रेम औरवा का काफिला था। आज का संदेश जीवन में जब राम त्याग मांगें, तो दशरथ की तरह मोह में न टूटें, बल्कि सीता और लक्ष्मण की तरह चल पड़ें। राजा दशरथ ने मोहवश राम को रोकने की कोशिश की पर अंत में विवेक के आगे मोह को समर्पण करना पड़ा। यही दशरथ का वैराग्य था और यही जीवन की कसौटी है। त्याग में जो आनंद है,वह राजपाठ में नहीं। राम ने राज्य छोड़ा, लेकिन युगों-युगों के लिए हृदयों का राज्य पा लिया। और दशरथ ने पुत्र को खोया, लेकिन परम सत्य को प्राप्त किया। आगे की कथा में कहा कि जब श्रीराम गंगा किनारे पहुँचे, तो वहां निषादराज गुह ने उन्हें देखा। वह भाव से गद्गद् हो गए।

# रक्षाबंधन को - दिन भर बंधेगी राखी



**तेंदूखेड़ा।** रक्षाबंधन भारतीय हिन्दु संस्कृति का प्रसिद्ध त्यौहार है। भाई बहन के पवित्र प्रेम और स्नेह का प्रतीक माने जाने वाला यह त्योहार श्रावण मास के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा को मनाया जाता है। इस दिन सभी बहनें शुभ मुहूर्त में अपने भाई की सर्वविध रक्षा के लिए भगवान से प्रार्थना करते हुए राखी बांधती हैं। भाई भी जीवन भर बहन की रक्षा करने का वचन देता है। इस वर्ष रक्षाबंधन का पर्व 9 अगस्त शनिवार को मनाया जाएगा।

**रक्षाबंधन पर सर्वार्थ सिद्धि नामक विशिष्ट योग -** ज्योतिषाचार्य पंडित प्रमोद पचौरी ने बताया कि शनिवार को पूर्णिमा तिथि दोपहर में लगभग 1-25 तक रहेगी। तिथि के शाकल्यपादिता होने से पूर्णिमा का मान दिन भर रहेगा। धर्म शास्त्रों के अनुसार रक्षाबंधन का मुख्य काल अपरान्ह काल माना जाता है। इस वर्ष शनिवार और श्रवण नक्षत्र के योग से समस्त कामनाओं को पूर्ण करने वाला सर्वार्थ सिद्धि नामक योग बन रहा है। इसी दिन श्रावणी उपाकर्म होता है। और यह दिन संस्कृत दिवस के रूप में भी मनाया जाता है। ज्योतिषाचार्य प्रमोद पचौरी ने रक्षाबंधन के विशेष मुहूर्त के बारे में बताया कि शनिवार को पूरे दिन राखी बांधी जाएगी इस दिन भद्रा आदि कोई दोष नहीं है। सुबह 7 बजकर 25 मिनिट से 9बजकर 2 मिनिट तक शुभ का चौघड़िया 11बजकर 50 मिनिट से 12 बजकर 42 मिनिट तक अभिजित मुहूर्त रहेगा। दोपहर 12बजकर 16 मिनिट से शाम 5 बजकर 07 मिनिट तक चर लाभ और अमृत का चौघड़िया रहेगा। इन मुहूर्तों में भगवान का पूजन करके रक्षाबंधन करना शुभ फलदायक रहेगा।